प्री-प्राइमरी

Public education
**Discover a world of opportunities**

# संख्याएँ: घर पर सीखना

## घर पर संख्या सम्बन्धी गतिविधि के सुझाव

### मिलकर पढ़ें

घर में गणित का अभ्यास करने के लिए किताबों का प्रयोग एक आसान और मनोरंजनात्मक माध्यम है। पढ़ने के काम को मज़ेदार बनाने के लिए पढ़ने के साथ-साथ निम्नलिखित सवाल पूछें: *आने वाला दूसरा व्यक्ति कौन था? कितने लोगों के बाल भूरे रंग के हैं? इस तस्वीर में सबसे लम्बा व्यक्ति कौन है? और हम किस पन्ने पर हैं?* पन्ने बदलने के साथ-साथ उन्हें गिनें।

### समय के बारे में बातचीत करें

अपनी संतान को एनालॉग और डिजिटल दोनों घड़ियों में समय देखना सीखने में मदद करें। समय के बारे में बात करें। उदाहरणत: *आपका पसंदीदा टेलीविज़न शो कब शुरू होता है? और कार्यक्रम कितनी देर चलता है?*

### खेलकूद

खेलकूद एक ऐसा विषय है जिसमें गणित शामिल है और इसके बारे में बातचीत करना आसान है। ऐसे सवाल पूछें: *टीम ने कितने गोल किए हैं? टीम कितने गोल से आगे है? और किस खिलाड़ी ने सबसे अधिक रन बनाए हैं? आप निम्नलिखित कर सकते/सकती हैं:*

- स्कोरबोर्ड पर दिखाए स्कोर और समय की ओर इशारा कर सकते/सकती हैं
- रेस में प्राप्त किए जाने वाले स्थानों के बारे में बात करें – पहला, दूसरा, तीसरा... अंतिम
- कैलेंडर पर खेलकूद के दिन और समय लिखें और साल के सप्ताह, महीनों के बारे में और साथ ही मौसमों के बारे में बात करें।

### भोजन और खाना पकाना

अपनी संतान को चम्मच, स्कूप और कप के साथ सामग्री मापने में मदद करने , और भोजन पकाने में लगने वाले समय की जांच करने के लिए कहें। उन्हें यह पता लगाने में मदद करें कि खाने और पीने की वस्तुओं को किस प्रकार बराबर बाँटा जा सकता है, उदाहरणत: सैंडविच और फलों को आधे-आधे भाग में काटें और कहें: *मैंने इसको दो बराबर भागों में काटा है – आधा आपके और आधा मेरे लिए।*

मिलकर खाना पकाएँ और निम्न प्रकार के सवाल पूछें:

- *कितने लोग भोजन कर रहे हैं?*
- *हमें कितने कप-प्लेटों की ज़रूरत है?*
- *क्या आप हर प्लेट को गिने बिना पर्याप्त प्लेटें ला सकते/सकती हैं? हमें छह प्लेटें चाहिए, यह तीन हैं और यह तीन और।*
- *यदि हमें प्रत्येक सैंडविच के लिए ब्रेड के दो टुकड़ों की ज़रूरत हो, तो क्या सभी के लिए सैंडविच बनाने के लिए पर्याप्त ब्रेड है?*

**अपनी संतान को यह दिखायें कि यदि आप वस्तुओं के किसी समूह को पुन:व्यवस्थित करते/करती हैं तो भी इनकी कुल मिलाकर गिनती में कोई बदलाव नहीं होता है। कुछ वस्तुएँ एक पंक्ति में रखें और पूछें: *यह कितनी वस्तुएँ हैं?* इन्हीं वस्तुओं को एक समूह में रखें और पूछें: *यह कितनी वस्तुएँ हैं? जवाब वही रहता है।***

Department of
**Education**

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015